web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 19 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 51

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेलंगाना के रंगारेड्डी में मंदिर के पास जोरदार धमाका, पुजारी गंभीर रूप से घायल

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के रंगारेड्डी में सोमवार को एक मंदिर परिसर में जोरदार धमाका हुआ। जानकारी के अनुसार, यह धमाका मैलारदेवपल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत लक्ष्मीगुडा रोड पर स्थित एक मंदिर के पास हुआ। मंदिर परिसर की सफाई कर रहे पुजारी विस्फोट में घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के तुरंत बाद मैलारदेवपल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस तथा बम निरोधक दस्ते को बुलाया। दोनों टीमें उस स्थान की जांच कर रही हैं जहां विस्फोट हुआ था। एसीपी राजेंद्र नागर ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया, मैलारदेवपल्ली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगुडा रोड पर एक मंदिर के पास विस्फोट हुआ। यह घटना उस समय हुई जब मंदिर का पुजारी मंदिर के पास परिसर की सफाई कर रहा था। विस्फोट में मंदिर का पुजारी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच के बाद अधिक जानकारी सामने आएगी।

### चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती, अब तक 1000 करोड़ रुपए जब्त

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार में चुनाव आयोग ने अब तक 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जब्ती की है. सीईसी के अनुसार, महाराष्ट्र और झारखंड में 2019 के चुनाव की तुलना में सात गुना ज्यादा बरामदगी हुई है. अफसरों को अगले दो दिनों तक प्रलोभनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं.

### गर्भवती महिला के किए दर्जनों टुकड़े, बोरे में पैक किया और नाले में फेंक आए

**परिवार के ही 4 लोग गिरफ्तार**

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां सियालदह जिले में एक महिला के घर वालों ने ही उसकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या के उन्होंने शव को दर्जनों टुकड़ों में काटा। इसके बाद उसे बोरे में भरकर दूर नाले में फेंक आए। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं महिला का शव तीन बोरों में नाले से बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में हत्या के केस दर्ज कर लिया गया है और तफ्तीश की जा रही है। दरअसल, ये पूरा मामला पाकिस्तान के सियालकोट जिले का बताया जा रहा है। यहां एक गर्भवती महिला की उसके ही परिवार वालों ने हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार गर्भवती महिला की उसकी सास ने हत्या कर दी। इसके बाद उसकी सास ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर शव को ठिकाने लगा दिया। मृतक महिला की सास ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उसके शव को पहले दर्जनों टुकड़ों में काटा। इसके बाद उसे पैक किया और फिर दूर ले जाकर नाले में फेंक दिया। पुलिस ने रविवार को इस घटना के बारे में जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना पिछले सप्ताह लाहौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर सियालकोट जिले के दासका में हुई। पुलिस ने बताया कि मामले में चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें मृतक महिला की सास सुघरान बीबी, सास की बेटी यास्मीन, उसका पोता हमजा और दूर के रिश्तेदार नवीद शामिल हैं।

# भारत-चीन सीमा पर शांति के बाद भी एलएसी पर तैनात रहेगी भारतीय वायुसेना

**नईदिल्ली । आरएनएस**



भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भले ही शांति स्थापित हो गई हो, लेकिन भारतीय वायुसेना अभी कोई जोखिम उठाने को तैयार नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दावा किया जा रहा है कि वायुसेना एलएसी पर अपनी मौजूदा तैनाती में तत्काल कोई बदलाव नहीं करेगी।यह जानकारी दिल्ली स्थित वायुसेना मुख्यालय में आयोजित भारतीय वायु सेना के कमांडरों के द्विवार्षिक सम्मेलन में सामने आई है, रविवार को शुरू हुआ है और 20 नवंबर तक जारी रहेगा।

यह सम्मेलन चीन के साथ एलएसी पर पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और देपसांग के टकराव वाले क्षेत्रों से सैनिकों के पीछे हटने के बाद पहली बार आयोजित किया गया है।सम्मेलन में सशस्त्र बलों के भीतर एकीकरण पर चर्चा होगी, जिसका उद्देश्य अंतर-संचालन और समन्वित संचालन में सुधार करना है।इसके अलावा सर्दियों की परिचालन रणनीतियों पर बात होगी ताकि मौसम की कठोर परिस्थितियों के दौरान सुरक्षा और तत्परता बनाए रखी जा सके और सेना के आधुनिकीकरण पर चर्चा होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, कमांडरों का यह सम्मेलन भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमताओं और तैयारियों की समीक्षा के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।इस दौरान खासकर से उत्तरी सीमाओं पर चल रही सुरक्षा चुनौतियों पर विचार होता है और मौजूदा तैनातियों को लेकर भी चर्चा होती है। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को शामिल होंगे।बता दें कि एलएसी पर शांति के बाद कई केंद्रीय मंत्री वहां का निरीक्षण कर चुके हैं।

**जम्मू-कश्मीर की यात्रा होगी आसान**

## दिल्ली से श्रीनगर तक जल्द चल सकती है वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली । आरएनएस**

जम्मू कश्मीर की यात्रा करने वाले लोगों से जुड़ी बड़ी खबर है। दिल्ली से श्रीनगर के लिए जल्द वंदे भारत ट्रेन चल सकती है। जल्द ही ट्रेन रूट दिल्ली से कन्याकुमारी और श्रीनगर तक जुड़ जाएगा। रेलवे का लक्ष्य है कि इस प्रोजेक्ट को 31 दिसंबर से पहले पूरा करना है, जिससे गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली से वंदे भारत ट्रेन को कश्मीर तक के लिए चलाया जाए।

उधमपुर श्रीनगर बारामुला रेल लिंक में सबसे कठिन बनिहाल है, जिस पर 111 किलोमीटर रेल मार्ग तैयार कर लिया गया है। रेलवे के मुताबिक, अगर काम इसी तरीके से चलता रहा तो गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से श्रीनगर तक के लिए वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन कर सकते हैं।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर की इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ाने के लिए सीएम उमर अब्दुल्ला ने हालही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी और केंद्र पर निर्भरता कम करने के लिए स्थानीय राजस्व सृजन बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ केंद्र शासित प्रदेश की वित्तीय प्रगति पर चर्चा की थी। यह बैठक इसलिए भी अहम थी क्योंकि छह साल के केंद्रीय शासन के बाद सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार अपना पहला बजट पेश करने वाली है।

इस दौरान सीएम ने ऐसे इंवेस्टमेंट को आकर्षित करने के महत्व को रेखांकित किया था जो रोजगार पैदा करेगा। ये रोजगार पर्यटन, कृषि और बागवानी जैसे क्षेत्रों में पैदा करने की कोशिश है। उन्होंने बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में निवेश की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे जम्मू और कश्मीर एक निवेश गंतव्य के रूप में बेहतर हो सके। सीएम अब्दुल्ला ने हालही में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और इससे एक दिन पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की थी।

## बीजेपी में शामिल हुए कैलाश गहलोत

- एक दिन पहले ही दिया था मंत्री पद और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा

**नईदिल्ली । आरएनएस**




दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री रहे कैलाश गहलोत सोमवार को बीजेपी में शामिल हो गए. उन्होंने एक दिन पहले यानी रविवार को ही मंत्री पद और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया था. कैलाश गहलोत ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली. उन्होंने बीजेपी नेता मनोहर लाल खट्टर, दुष्यंत गौतम और हर्ष मल्होत्रा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली.

कैलाश गहलोत के बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, वे कहीं भी जाने और किसी भी पार्टी में शामिल होने के लिए स्वतंत्र हैं. यह उनकी मर्जी है. वह जहां भी जाएं.

कैलाश गहलोत ने रविवार (17 नवंबर) को आम आदमी पार्टी पर बड़ा आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने कहा था कि एक और दर्दनाक बात यह है कि लोगों के अधिकारों के लिए लडऩे के बजाय हम केवल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रहे हैं, इससे दिल्ली के लोगों को बुनियादी सेवाएं प्रदान करने में भी कठिनाई हो रही है.

उन्होंने कहा था कि मैंने अपनी राजनीतिक यात्रा दिल्ली के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता के साथ शुरू की थी और मैं ऐसा करना जारी रखना चाहता हूं, यही वजह है कि मेरे पास पार्टी से अलग होने का कोई विकल्प नहीं बचा है. इसलिए मैं आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं.

## पेंशनभोगियों को 77 लाख से ज्यादा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट हुए जारी: केंद्र

**नई दिल्ली । आरएनएस**




पेंशनभोगियों की जिंदगी आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए अभियान के तहत अब तक 77 लाख डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) जारी किए जा चुके हैं। यह जानकारी सरकार द्वारा सोमवार को दी गई। सरकार द्वारा आधिकारिक बयान में कहा गया कि डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 3.0 के तहत कवर किए गए 1,77,153 पेंशनभोगी 90 वर्ष से अधिक उम्र के हैं, जबकि 17,212 पेंशनभोगी 80-90 वर्ष के हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चेहरे की पहचान जैसी उन्नत प्रमाणीकरण विधियों के जरिए 24 लाख डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी हुए, जो कुल उत्पन्न डीएलसी का 34 प्रतिशत है।

वृद्ध पेंशनभोगियों को अपने घर से या नजदीक स्थित कार्यालयों या बैंक शाखाओं में डीएलसी जमा करने की सुविधा दी गई है।

यह अभियान करीब दो हफ्ते पहले लॉन्च किया गया था।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने इस अभियान का नेतृत्व किया है और करीब 9 लाख से ज्यादा डीएलसी अभियान शुरू होने के दूसरे हफ्ते के अंत तक जारी किए हैं। वहीं, केनरा बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने क्रमश: एक लाख और 57,000 डीएलसी जारी किए हैं।

राज्य-वार, महाराष्ट्र 10 लाख से अधिक डीएलसी तैयार करने के साथ सबसे आगे रहा है, इसके बाद तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल प्रत्येक में 6 लाख हैं। उत्तर प्रदेश ने भी 5 लाख से अधिक डीएलसी के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है।

यह अभियान 1-30 नवंबर तक 800 शहरों और कस्बों में चलाया जा रहा है और इन दौरान 1575 शिविर लगाए गए। अभियान को लागू करने में मदद के लिए देश भर में 1.8 लाख डाकिये भी तैनात किए गए हैं।

बैंकिंग संस्थानों और सरकारी एजेंसियों की भागीदारी के साथ देश भर के पेंशनभोगियों के लिए आसानी और सुविधा बढ़ाने के लिए इस अभियान को 6 नवंबर को लॉन्च किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने जीआरएपी-4 की पाबंदियां लागू करने में देरी पर सीएक्यूएम को लगाई फटकार

**नईदिल्ली । आरएनएस**



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तेजी से बढ़ रहे वायु प्रदूषण को लेकर सुनवाई की।इसमें कोर्ट ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के बेहद गंभीर स्थिति में पहुंचने के बाद भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चौथे चरण के प्रतिबंध लागू में देरी करने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को फटकार लगाई।कोर्ट ने पूछा की आखिर जीआरएपी -4 की पाबंदियां लागू करने में 3 दिन की देरी क्यों की गई।

सुनवाई की शुरुआत में दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि सोमवार सुबह 8 बजे से दिल्ली और एनसीआर में जीआरएपी-4 की पाबंदियां लागू कर दी गई है।इस पर जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, जब एक्यूआई 300 से 400 के बीच पहुंचता है, तो चरण 4 लागू करना पड़ता है। आप इसे लागू करने में देरी करके जोखिम कैसे उठा सकते हैं। यह 3 दिन पहले लागू होना चाहिए था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम यह जानना चाहते हैं कि दिल्ली सरकार ने क्या किया है। अब अगर एक्यूआई 400 से नीचे भी आ जाता है तो भी हम आपको जीआरएपी -4 पाबंदियां वापस लेने की अनुमति नहीं देंगे।कोर्ट ने कहा, सरकार इस बात को ध्यान में रख ले कि जीआरएपी -4 की पाबंदियां तब तक जारी रहेगा, जब तक अदालत इसकी अनुमति नहीं देती है। अब इस मामले में आगे की सुनवाई दिन के कामकाज के आखिरी में की जाएगी।

दिल्ली में रविवार शाम 7 बजे एक्यूआई 457 पर पहुंच गया था। उसके बाद ही सीएक्यूएम ने जीआरएपी-4 पाबंदियां लागू करने का आदेश दे दिया था।इसके बाद भी प्रदूषण पर कोई असर नहीं पड़ा और सुबह 7 बजे एक्यूआई 450 दर्ज किया गया है। बता दें, 450 से अधिक एक्यूआई को बेहद गंभीर श्रेणी में माना जाता है। इधर, भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अगले 6 दिन तक एक्यूआई गंभीर या बेहद गंभीर श्रेणी में बना रहेगा।

दिल्ली में जीआरएपी के चौथे चरण की पाबंदियों में आवश्यक सेवाओं को छोडक़र

बीएस-3 वाले पेट्रोल वाहनों और बीएस -4 के डीजल वाहनों के दिल्ली- एनसीआर में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।इनमें बाहरी राज्यों में पंजीकृत वाहन भी शामिल हैं। हाईवे, सडक़, फ्लाईओवर, बिजली लाइनों, पाइपलाइनों और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं सहित सभी निर्माण गतिविधियों पर रोक रहेगी।दिल्ली के बाहर पंजीकृत हल्के वाणिज्यिक वाहनों के भी प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा और जीआरएपी -3 की पाबंदियां जारी रहेंगी।

सीएक्यूएम ने जीआरएपी -4 के तहत दिल्ली और एनसीआर में कक्षा 6 से 9 तक की पढ़ाई ऑनलाइन कराने के आदेश दिए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने आदेश जारी कर दिए। हालांकि, कक्षा 10 और 12 की कक्षाएं ऑफलाइन ही जारी रहेंगी।

प्रदूषण को देखते हुए सीएक्यूएम ने अभी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश नहीं दिया है, लेकिन उसने दिल्ली सरकार और केंद्र को सुझाव दिया है कि वह सरकारी, नगर निगम और निजी कार्यालयों को 50 प्रतिशत क्षमता पर काम करने और बाकी को घर से काम करने की अनुमति दे सकती है।इसी तरह राज्य सरकार कॉलेजों को भी बंद कर सकती है और सडक़ों पर वाहनों के लिए सम-विषम लागू कर सकती है।

## मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा में एक की मौत

- प्रदर्शनकारियों ने भाजपा-कांग्रेस कार्यालियों में आग लगाई

**इंफाल । आरएनएस**

मणिपुर में जातीय हिंसा रूकने का नाम नहीं ले रही। रविवार को जिरीबाम में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की गोली से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल है।घटना रात 11 बजे बाबूपारा इलाके में हुई। सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोलीबारी की थी, जिसमें के अथौबा नामक 20 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई है।जिले में काफी तनाव है, जिसको नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बल तैनात है।

पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों की हिंसक भीड़ ने उसी इलाके में भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय कार्यालयों पर धावा बोल दिया।भीड़ ने दफ्तर से फर्नीचर और अन्य संपत्ति लूट ली और आग लगा दी। हिंसा जिरीबाम पुलिस स्टेशन से 500 मीटर के भीतर हुई है। पुलिस पर हालात नियंत्रित न कर पाने का आरोप है।जिरीबाम में बराक नदी से 3 बच्चों सहित 6 विस्थापितों के शव मिलने के बाद हिंसा की आग तेज हो गई है।

मणिपुर के वर्तमान हालात को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आपातकालीन बैठक बुलाई है, जिसमें पूर्वोत्तर संभाग के वरिष्ठ अधिकारी, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।बता दें, हिंसा के बाद से घाटी में 6 लोगों की हत्या हो चुकी है, जिसके बाद सरकार ने 7 जिलों में इंटरनेट बंद किया है और इंफाल पश्चिम और पूर्व में कर्फ्यू लगाया है।

## अल फशेर में भीषण लड़ाई, एसएएफ का दावा- आरएसएफ के 150 लड़कों की मौत

**पोर्ट सूडान**

सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने दावा किया है कि एक भीषण लड़ाई में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 150 लड़ाके मारे गए। एसएएफ के मुताबिक पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल फशेर में यह लड़ाई हुई है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अल फशेर में एसएएफ की 6वीं इन्फैंट्री डिवीजन की कमान ने एक बयान में कहा, हमारे बल एल फशेर के दक्षिण-पूर्व में लगातार लड़ाई में लगे हुए हैं।

बयान में कहा गया, अब तक कई मिलिशिया ठिकानों पर कब्जाा कर लिया गया है, जिसमें दुश्मन के 150 से अधिक हताहत होने का अनुमान है, साथ ही यह भी कहा गया कि एसएएफ यूनिट महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल कर रही है।

आरएसएफ ने अभी तक संघर्ष पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

सूडान अप्रैल 2023 के मध्य से एसएएफ और आरएसएफ के बीच विनाशकारी संघर्ष में उलझा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अनुमान के अनुसार, इस घातक संघर्ष की वजह से 24,850 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और 14 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्मियों ने चेतावनी दी है कि सूडान में बढ़ती हिंसा के कारण हजारों लोग खतरे में हैं। यह हिंसा मानवीय संकट को और गंभीर बना रही है।

इंटरनेशनल माइग्रेशन ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, एक महीने से भी कम समय में, सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में अज जजीरा राज्य में 3,43,000 से अधिक सूडान के नागरिक विस्थापित हो गए हैं। ये नागरिक लगातार बढ़ रही लड़ाई और असुरक्षा के बीच मौजूद हैं।

## ब्राजील में संस्कृत मंत्रोच्चार के साथ किया गया पीएम मोदी का स्वागत

**रियो डी जनेरियो**



पीएम मोदी 19वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को ब्राजील की राजधानी रियो डी जनेरियो पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। ब्राजील के लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी का संस्कृत मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया। बता दें कि यह उनकी तीन देशों की यात्रा का दूसरा चरण है, जिसके दौरान वह 18 नवंबर और 19 नवंबर को ब्राजील में होने वाले 19वें जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

पीएम मोदी ने गर्मजोशी और जीवंत स्वागत के लिए ब्राजील के लोगों का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, रियो डी जनेरियो पहुंचने पर भारतीय समुदाय के गर्मजोशी भरे और जीवंत स्वागत से बहुत प्रभावित हूं। उनकी ऊर्जा उस स्नेह को दर्शाती है जो हमें महाद्वीपों से बांधती है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि वह शिखर सम्मेलन में विभिन्न वैश्विक नेताओं से मिलने के लिए उत्सुक हैं। एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डी जनेरियो में उतरा। मैं शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श और विभिन्न वैश्विक नेताओं के साथ सार्थक बातचीत के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने एयरपोर्ट पर अपने स्वागत की तस्वीरें भी शेयर कीं।

पीएम मोदी अपने ब्राजील दौरे के दौरान ट्रोइका के सदस्य के रूप में 19वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। भारत ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी20 ट्रोइका का हिस्सा है। पीएम मोदी मोदी के साथ, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके अमेरिकी समकक्ष जो बाइडेन 18-19 नवंबर को रियो डी जनेरियो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल होंगे। वहीं पीएम मोदी ने शनिवार को अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा, इस साल, ब्राजील ने भारत की विरासत का निर्माण किया है। मैं एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा करता हूं। मैं इस अवसर का उपयोग भी करूंगा।

इससे पहले नाइजीरिया की यात्रा के दौरान पीएम मोदी को देश के राष्ट्रीय पुरस्कार, ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किया गया। यह किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया 17वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार था। पीएम मोदी के अलावा महारानी एलिजाबेथ द्वितीय जीसीओएन से सम्मानित होने वाली एकमात्र अन्य विदेशी गणमान्य व्यक्ति हैं। ब्राजील के बाद पीएम मोदी अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में पीएम मोदी राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर 19 से 21 नवंबर तक गुयाना का दौरा करेंगे। यह 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधान मंत्री की गुयाना की पहली यात्रा होगी।